# राजस्थान सरकार

# राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर

## एयर कंडिशनर के वार्षिक रखरखाव, मरम्मत एवं दर संविदा हेतु सीमित बोली

## एकल चरण – दो लिफाफा बोली

यद्यपि मुद्रित की गई समस्त सूचना प्रावधानों के अनुरुप ही की गई है, तथापि, किसी भी असमंजस की स्थिति में, राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 ही मान्य होंगे ।

राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
बोली दस्तावेज - सेवा / Service
एकल चरण - दो लिफाफा बोली

# बोली दस्तावेज
# दरें आमंत्रण हेतु दो लिफाफा बोली


| | | |
|---|---|---|
| 1. | बोली आमंत्रण की सूचना<br>( Notice Inviting Bids ) | 01-02 |
| 2. | बोली डाटा शीट<br>( Bid Data Sheet ) | 03-08 |
| 3. | बोली जमा सूची एवं मूल्य अनुसूची<br>( Bid Submission Sheet & Price Schedule ) | 09-11 |
| 4. | बालीदाताओं हेतु निर्देश<br>( Instructions to Bidders ) | 12-13 |
| 5. | बोलीदाता द्वारा घोषणा<br>( Declaration by Bidders ) | 14 |
| 6. | उपापन की सामान्य शर्तें<br>( General Conditions Of Contract ) | 15-18 |
| 7. | करार का प्रारूप<br>( Form Of Agreement ) | 19-20 |
| 8. | Annexure-A : Compliance with the Code Of Integrity and No Conflict of Interest | 21 |
| 9. | Annexure-B : Declaration by Bidder Regarding Qualification | 22 |
| 10. | Annexure-C : Grievances Redressal during Procurement Process | 23-25 |
| 11. | Annexure-D : Additional Conditions of Contract | 26 |
| 12. | Annexure-E : Declaration regarding Qualification | 27 |
| 13. | Annexure-F : Declaration regarding Blacklisting/Debarred | 28 |
| 14. | Annexure-G : Declaration regarding Work Experience | 29 |


यद्यपि मुद्रित की गई समस्त सूचना प्रावधानों के अनुरूप ही की गई है, तथापि, किसी भी असमंजस की स्थिति में, राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं नियम 2013 ही मान्य होंगे ।

राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर
बोली दस्तावेज – सेवा/Service
एकल चरण – दो लिफाफा बोली

निबंधक,
राजस्व मण्डल राजस्थान,
अजमेर।
**दूरभाष** : 91-145-2627620 **फैक्स** : 91-145-2427072, 2627001 **ई-मेल** : bor-rj@nic.in

# 1. बोली आमंत्रण की सूचना
# (NOTICE INVITING BIDS)

**Nib No. BOR/Service /Goods/Rate Contract/Rs. 1.75 Lakh/2020/05 Dt. 27/02/2020**

1. राजस्थान सरकार के महामहिम राज्यपाल की ओर से राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर द्वारा मण्डल कार्यालय हेतु **AIR CONDITIONER के वार्षिक रखरखाव, मरम्मत एवं दर संविदा** हेतु अधिकृत डीलरों/पंजीकृत बोलीदाताओं/वास्तविक डीलरों से शर्तरहित, मुहरबंद, एकल चरण दो लिफाफा बोलियाँ आमंत्रित की जा रही है :–

| क्र.स. | ए.सी. जिसकी सर्विस की जानी है | सामग्री की संख्या | सर्विस के सम्बन्ध में विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | कैसिट ए.सी. 04 टन | 16 नग | मण्डल द्वारा दी गई सूचना पर तत्काल सर्विस उपलब्ध करवानी होगी |
| 2. | कैसिट ए.सी. 03 टन | 02 नग | |
| 3. | टावर ए.सी. 02 टन | 01 नग | |
| 4. | स्पिलिट ए.सी. 02 टन | 09 नग | |
| 5. | स्पिलिट ए.सी. 1.5 टन | 49 नग | |
| 6. | विन्डो ए.सी. 1.5 टन | 10 नग | |
| | कुल ए.सी. | **87 नग** | |

| क. | ए.सी. में करवाये जाने वाले कार्य |
|---|---|
| 1. | ए.सी. कम्प्रेसर रिप्लेसमेंट 2 टन |
| 2. | ए.सी. कम्प्रेसर रिप्लेसमेंट 1.5 टन |
| 3. | गैस रिफलिंग 2.0 टन |
| 4. | गैस रिफलिंग 1.5 टन |
| 5. | ए.सी. कन्डेन्सर कॉइल रिप्लेसमेंट 2 टन |
| 6. | ए.सी. कन्डेन्सर कॉइल रिप्लेसमेंट 1.5 टन |
| 7. | फैन मोटर रिवाइन्डिग |
| 8. | फैन मोटर बुश शाफ्ट |
| 9. | कन्डेन्सर ए.सी. 2 टन |
| 10. | कन्डेन्सर ए.सी. 1.5 टन |
| 11. | कॉन्टैक्टर 2 टन |
| 12. | कॉपर पाईप |
| 13. | ए.सी. फैन ब्लेड |
| 14. | ए.सी. पी.वी.सी. रिप्लेसमेंट |
| 15. | ए.सी. पी.वी.सी. मरम्मत |
| 16. | ए.सी. थ्री कोर वायर |
| 17. | ए.सी. इन्सटॉलेशन / डिस्मेन्टलिंग |
| 18. | लेबर |

2. बोलियों के मूल्यांकन दर संविदा के अधिनिर्णय में बोली दस्तावेज में यथा वर्णित कीमत और/या क्रय अधिमान पर विचार किया जायेगा।
3. अनुबंध की शर्तें, मुल्यांकन एवं योग्यता मानदंड, बोली फार्म, डिजाइन/ड्राईंग स्पेसिफिकेशन, आपूर्ति अनुसूचि, आदि सहित बोली दस्तावेज बोलियाँ खोली जाने की दिनांक से एक दिन पहले तक कार्य दिवसों के दौरान कार्य प्रसारित समय में उपापन संस्था के कार्यालय में देख सकते है या अप्रतिदेय राशि रू. 200/– नगद या बैंकर्स चैक

या अधिसूचित बैंक के डिमाण्ड ड्राफ्ट द्वारा भुगतान करके प्राप्त कर सकते है। साथ ही बोली दस्तावेज उपापन संस्था की वेबसाइट **www.landrevenue.rajasthan.gov.in/bor** पर देख सकते हैं या प्राप्त कर सकते है एवं बोली दस्तावेज का मूल्य यूजर चार्जेज/प्रोसेसिंग शुल्क, यदि कोई हो, दस्तावेज जमा करने के साथ बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जायेगा।

4. निर्धारित तिथि और समय के पश्चात् प्राप्त बोलियाँ स्वीकार नही की जायेगी एवं बिना खोले ही लौटा दी जायेगी।
5. बोलीयाँ, बोलीदाताओं या उनके प्रतिनिधियों, जो उपस्थित होना चाहते हैं के सम्मुख दिनांक : 03/03/2020 को समय 04:00 PM पर खोली जाएगी।
6. उपापन संस्था सर्वाधिक कम राशि वाली बोली **(L-1)** को स्वीकार करने हेतु बाध्य नही है, एवं बिना कारण बताये किसी भी या सभी बोलियों को अस्वीकार कर सकती है।
7. बोलीदाताओं को आयकर विभाग द्वारा जारी 'पैन कार्ड की प्रति' जमा करनी होगी।
8. उक्त बोली आमंत्रण सूचना राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं नियम 2013 तथा हुए संशोधनों के अनुसार जारी की जा रही है तथा साथ ही उक्त उपापन प्रक्रिया इन अधिनियम एवं नियमों एव संशोधनों के प्रावधानों के अनुसार की जायेगी। बोली एक वार्षिक दर संविदा हेतु आमंत्रित की जा रही है।
9. विवाद की स्थिति में न्याय का क्षेत्राधिकार अजमेर न्यायालय होगा।

# 2. BID - DATA -SHEET

| | |
|---|---|
| **Name of the subject matter** | AIR CONDITIONER.AMC & MATERIAL RATE CONTRACT |
| **No. Of subject matter** | Total 89 Air Conditioners AMC & Material Rate Contract |
| **Nature of subject matter** | Rate Contract for service |
| **Method of procurement** | Limited Bidding |
| **Cost of BID DOCUMENT (non-refundable)** | Rs 200 /- (Rupees Two Hundred only) |
| **Estimated Cost** | Rs.1.75 Lakh (Rupees One Lakh Seventy Five Thousand only) |
| **Bid Security** | Rs. 3500/- Fixed |
| **Date of Uploading of BID DOCUMENT** | 24-02-2020 |
| **Last Date of Bid submission & Time** | 03-03-2020 Time 01:00 P.M. |
| **Technical Bid Opening Date, Time & Place**<br>**Financial Bid Opening Date, Time & Place** | 03-03-2020 Time 4:00 P.M., Board of Revenue for Rajasthan, Ajmer<br>Successful bidders will be informed accordingly |
| **Websites for downloading Bid/BID DOCUMENT/ Bidding Document, Corrigendum's, Addendums etc** | **www.landrevenue.rajasthan.gov.in/bor**<br>**www.sppp.in** |
| **Proposal & BID Validity** | 90 days from the last date of bid submission |

# Scope of Work

| | | |
|---|---|---|
| • Name of Subject Matter | : | Air conditioner AMC & Material rate contract |
| • Specification of Subject Matter | : | Attached |
| • No of Item | : | As per Requirement |
| • Work Period | : | Within 01 Day After Workorder |
| • Delivery Location | : | Board of Revenue for Rajasthan, Ajmer |

# Detail of Subject Matter :-

## ए.सी. सर्विस एव सामग्री जिनकी दर संविदा की जानी हैं :–

| क्र.स. | ए.सी. जिसकी सर्विस की जानी है | मेक /कम्पनी | सामग्री की संख्या | सर्विस के सम्बन्ध में विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कैसिट ए.सी. 04 टन | Hitachi | 16 नग | मण्डल द्वारा दी गई सूचना पर तत्काल सर्विस उपलब्ध करवानी होगी |
| 2. | कैसिट ए.सी. 03 टन | Hitachi | 02 नग | |
| 3. | टावर ए.सी. 02 टन | LG | 01 नग | |
| 4. | स्पिलिट ए.सी. 02 टन | Hitachi, Carrier & Other's | 09 नग | |
| 5. | स्पिलिट ए.सी. 1.5 टन | LG, Voltas, Onida & Other's | 49 नग | |
| 6. | विन्डो ए.सी. 1.5 टन | Carrier, Sumsang | 10 नग | |
| | | कुल ए.सी. | 87 नग | |

| क. | ए.सी. में करवाये जाने वाले कार्य |
|---|---|
| 1. | ए.सी. कम्प्रेसर रिप्लेसमेंट 2 टन |
| 2. | ए.सी. कम्प्रेसर रिप्लेसमेंट 1.5 टन |
| 3. | गैस रिफलिंग 2.0 टन |
| 4. | गैस रिफलिंग 1.5 टन |
| 5. | ए.सी. कन्डेन्सर कॉइल रिप्लेसमेंट 2 टन |
| 6. | ए.सी. कन्डेन्सर कॉइल रिप्लेसमेंट 1.5 टन |
| 7. | फैन मोटर रिवाइन्डिग |
| 8. | फैन मोटर बुश शाफ्ट |
| 9. | कन्डेन्सर ए.सी. 2 टन |
| 10. | कन्डेन्सर ए.सी. 1.5 टन |
| 11. | कॉन्टैक्टर 2 टन |
| 12. | कॉपर पाईप |
| 13. | ए.सी. फैन ब्लेड |
| 14. | ए.सी. पी.वी.सी. रिप्लेसमेंट |
| 15. | ए.सी. पी.वी.सी. मरम्मत |
| 16. | ए.सी. थ्री कोर वायर |
| 17. | ए.सी. इन्सटॉलेशन / डिस्मेन्टलिंग |
| 18. | लेबर |

# Pre-Qualification Requirement

1. निर्माता/वितरक/अधिकृत डीलर/स्टॉकिस्ट/पंजीकृत बोलीदाता/वास्तविक डीलर विषय के उपापन प्रक्रिया में बोलीदाता के रूप में भाग ले सकते है।

2. बोलीदाता को अंकित विषय वस्तु के मामलो में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।

3. बोलीदाता को इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि " बोली प्रस्तुत करते समय वह किसी उपापन संस्था/राज्य सरकार द्वारा Blacklisted / Debarred नही हैं और उपापन प्रक्रिया के दौरान यदि कुछ ऐसा होता है तो वह मण्डल कार्यालय को शीघ्र सूचित कर देगा "। इस हेतु बोलीदाता को Undertaking (Self-Declaration) प्रस्तुत करनी होगी।

4. बोलीदाता को बोली दस्तावेज के प्रत्येक पृष्ठ पर सहमति के प्रतीक के रूप मे हस्ताक्षर करने होंगे और बोली के साथ हस्ताक्षरित बोली दस्तावेज संलग्न करना होगा।

5. बोली के साथ बोली प्रतिभूति राशि रूपये 3500/- (अक्षरे राशि रूपये तीन हजार पाँच सौ मात्र) फिक्स निर्धारित प्रारूप में आवश्यक रूप से जमा करानी होगी।

6. बोली के साथ बोली दस्तावेज का मूल्य रू. 200/- (अक्षरे राशि रूपये दो सौ मात्र) का प्रमाण-पत्र आवश्यक रूप से जमा कराना होगा।

7. बोलीदाता को उक्त वांछित आवश्यक अपेक्षाओं को पूरा करना अनिवार्य होगा और बोली के साथ वांछित दस्तावेज आवश्यक रूप से संलग्न करने होंगे अन्यथा स्थिति में बोली को Pre-qualify नही मानते हुये अग्रिम कार्यवाही हेतु विचार नही किया जायेगा।

## Checklist BID DATA SHEET

(Has to be filled by Bidder necessarily)

### 1. Pre-qualification Requirement

| S.No. | Name of Requirement | Response | Attached at page no. |
|---|---|---|---|
| 1. | Self Declaration Regarding Blacklisting / Debarment | Yes/No | |
| 2. | Signed Bid Document | Yes/No | |
| 3. | Bid-Security | Yes/No | |
| 4. | Bid-Document Fee | Yes/No | |
| 5. | PAN Card Copy | Yes/No | |
| 6. | Technical Description | Yes/No | |

### 2. Financial Requirement

| S.No. | Requirement | Result |
|---|---|---|
| 1. | Price Schedule in required format | Yes/No |

## Technical Requirement

1. बोलीदाता को **PAN Card** की प्रति आवश्यक रूप से जमा करानी होगी।
2. उक्त अंकित वांछित मापदण्डों को पूरा करते हुये आवश्यक दस्तावेज हस्ताक्षरयुक्त बोली दस्तावेज बोली के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने होंगे अन्यथा स्थिति में बोली पर विचार किया जाना संभव नही होगा।
3. EMD 3500/-
4. Tender Cost 200/-

## Financial Requirements

1. बोलीदाता द्वारा विषय–वस्तु की दरें निर्धारित प्रपत्र मे ही अंकित की जानी है अन्यथा बोली को अस्वीकृत माना जायेगा।
2. बोलीदाता द्वारा वित्तीय बोली का प्रपत्र एक अलग लिफाफे में सीलबन्द रूप में प्रस्तुत करना होगा।
3. ध्यातव्य रहे कि निर्धारित Price-Schedule मे एक Item की Rate करो रहित एवं करो सहित चाही गई है। आवश्यक संख्या में Item के संबंध मे तद्नुसार कुल राशि की गणना की जायेगी।
4. न्यूनतम बोलीदाता का निर्धारण कुल योग में अंकित राशि के आधार पर किया जावेगा

# 3. बोली जमा सूची (Bid Submission Sheet)

दिनांक ..........................................................

बोली आमंत्रण सूचना क्रमांक..................

सेवामें,

निबंधक,
राजस्व मण्डल राजस्थान,
अजमेर ।
**दूरभाष** : 91-145-2627620 **फैक्स** : 91-145-2427072, 2627001 **ई-मेल** : bor-rj@nic.in

हम, अद्योहस्ताक्षरकर्ता, घोषणा करते हैं कि:

(i) हमने बोली दस्तावेज पढ़ लिया है, जाँच लिया है, और हमें इसमें वर्णित प्रावधानों से किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति नही हैं।

(ii) हम बोली दस्तावेजों में वर्णित की गई उपापन की विषय वस्तु (मय स्पेसिफिकेशिन एवं अन्य निर्देशों सहित) के अनुरूप एवं प्रदाय अवधि की अनुसूचि में वर्णित अवधि के अनुसार निम्नलिखित माल एवं संबंधित सेवाएं प्रदान करने के लिए सहमत है।

(क)................................................................................

(ख)...............................................................................

(iii) हमने उपापन प्रक्रिया हेतु निम्नलिखित मदों हेतु राशि का भुगतान कर दिया है।

(क) किसको भुगतान किया है(उपापन संस्था का नाम) : **निबंधक, राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर**

(ख) पता : **अजमेर।**

(ग) किस कारण/किस मद हेतु : **बोली प्रतिभूति।**

(घ) राशि.........................................................................................................................

(यदि कोई राशि का भुगतान नही किया गया है तो 'नही' अंकित करें एवं छूट हेतु आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें।)

(iv) बोली दस्तावेजों में वर्णित प्रावधानों के अनुसार हमारी बोली, बोली जमा कराने की अंतिम तिथि से 90 दिनों की कालावधि तक वैद्य रहेगी एवं यह हम पर बाध्यकारी होगी और निश्चित की गई वैद्यता अवधि से पूर्व तक किसी भी समय उपापन संस्था द्वारा स्वीकार की जा सकेगी।

(v) यदि हमारी बोली स्वीकार कर ली जाती है तो उस के सही संपादन हेतु हमारे द्वारा कुल प्रदाय राशि का 5 प्रतिशत कार्य संपादन प्रतिभूति के रूप में जमा करवाया जायेगा या नियमानुसार इस हेतु कार्य संपादन प्रतिभूति की घोषणा की जायेगी।

(vi) हमारी फर्म, आपूर्तिकर्ता या उप बोलीदाता, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए, भारतीय नागरिकता रखती है।

(vii) हम, बोलीदाताओं हेतु बोली दस्तावेजों में वर्णित अर्हता, पात्रता एवं योग्यता की शर्तें पूरा करते हैं और विषय वस्तु के उपापन में हमारा कोई हित विरोध नही है। हम इस बोली प्रक्रिया में एक से ज्यादा बोलीदाताओं के रूप में भाग नही ले रहे है।

(viii) हमारी फर्म, इसकी सहायक और संबंधित ईकाईयाँ, आपूर्तिकर्ता एवं उपबोलीदाता, यदि कोई हो, को सम्मिलित करते हुए, को राज्य सरकार द्वारा या उपापन संस्था द्वारा निषेध नही किया गया है।

(ix) जब तक कि औपचारिकता करार तैयार एवं संपादित नही हो जाता है, यह बोली एवं आपके द्वारा प्रेषित आशय पत्र/स्वीकृति पत्र आपके व हमारे बीच बाध्यकारी करार होगा।

(x) आप न्यूनतम बोलीदाता या अन्य किसी भी बोली को स्वीकार करने के लिए बाध्य नही है, यह प्रावधान हम स्वीकार करते है।

(xi) उपापन संस्था या इसका कोई भी प्रतिनिधि हमारे लेखों, रिकार्ड एवं बोली जमा करने से संबंधित किसी भी दस्तावेज का निरीक्षण कर सकेगा तथा उनके द्वारा नियुक्त कोई भी लेखा परीक्षक इनकी लेखा जॉच कर सकेगा।

(xii) अन्य यदि कोई हो :–......................................................................................................................

हस्ताक्षरः–.........................................................................

नामः–.................................................................................

पदनामः–.............................................................................

किसकी ओर से(बोलीदाता का नाम):–.........................................................

दिनांकः–.............................................................................

टेलीफोन न0:–.........................फैक्स न0:–..........................ईमेलः–.................................................................

स्थाई पता .....................................................................................................

.....................................................................................................................

.....................................................................................................................

# मूल्य अनुसूची (Price Schedule)

(पृथक लिफाफे में अलग से प्रस्तुत करें)

बोलीदाता का नाम :– ....................................................

बोली आमंत्रण की सूचना क्रमांक ..................................

## :: एयर कण्डिशनर के वार्षिक रखरखाव, मरम्मत एवं दर संविदा हेतु कार्य का विवरण ::

| क्र. सं. | ए. सी. जिसकी सर्विस की जानी है | मेक/कम्पनी | सामग्री की संख्या | एक यूनिट की सर्विस की कीमत (रूपये में) | कुल कीमत ( कॉलम संख्या 4 x 5 ) (रूपये में) | सेवा कर एवं अन्य कर | अन्य संबंधित गतिविधियाँ यथा यातायात, बीमा, स्थापना, आदि | कुल कीमत ( सभी करों सहित ) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | कैसिट ए.सी. 04 टन | Hitachi | 16 नग | | | | | |
| 2. | कैसिट ए.सी. 03 टन | Hitachi | 02 नग | | | | | |
| 3. | टावर ए.सी. 02 टन | LG | 01 नग | | | | | |
| 4. | स्पिलिट ए.सी. 02 टन | Hitachi, Carrier & Other's | 09 नग | | | | | |
| 5. | स्पिलिट ए.सी. 1.5 टन | LG, Voltas, Onida & Other's | 49 नग | | | | | |
| 6. | विन्डो ए.सी. 1.5 टन | Carrier, Sumsang | 10 नग | | | | | |
| | | | योग | | | | | |

**न्यूनतम बोलीदाता का निर्धारण कुल योग में अंकित राशि के आधार पर किया जावेगा**

हस्ताक्षरः–.........................................................................

नामः–..................................................................................

पदनामः–............................................................................

किसकी ओर से अधिकृत(बोलीदाता का नाम):–...........................................................................................

दिनांकः–............................................................................

टेलीफोन न0:–.........................फैक्स न0:–..........................ईमेलः–..............................................................

# 4. INSTRUCTION TO BIDDERS
# बोलीदाताओं हेतु निर्देश

1. उपापन की समस्त कार्यवाही राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012, नियम 2013 एंव संशोधनों के अनुरूप की जायेगी।

2. उपापन की विषय वस्तु के लिए सीमित बोली पद्धति के द्वारा मण्डल कार्यालय में **Air Conditioner के वार्षिक रखरखाव, मरम्मत एवं दर संविदा** हेतु की जा रही है। उपापन हेतु एकल चरण दो लिफाफा पद्धति अपनाई जानी है, जिसमें तकनीकी दस्तावेज मूल्य का प्रमाण पत्र, बोली प्रतिभूति राशि, विषयवस्तु का स्पेशिफिकेशन, हस्ताक्षरित बोली दस्तावेज एवं अन्य वांछित दस्तावेज प्रस्तुत करने होगें एवं वित्तीय बोली (निर्धारित एवं संलग्न प्रपत्र में) प्रस्तुत करनी होगी।

3. All other conditions shall be prevail as mentioned in the bid document in the respective sections.

4. The Bidder or his consortium partner(s), if any, should not be blacklisted / debarred / banned by any procuring entity at the time of submitting this bid.

5. No contractual obligation whatsoever shall arise from the bidding document/ bidding process unless and until a formal contract singed and executed between the procuring entity and successful Bidder.

6. Procurement entity disclaims any factual/ or other errors in the bidding document (the onus is purely on the individual bidders to verify such information) and the information provided therein are intended only to help the bidders to prepare a logical bid-proposal. Clarification(s) may be sought before submission of the bid.

7. दरें गन्तव्य स्थान तक एफ.ओ.आर. उद्धृत की जानी चाहिए तथा उनमें सभी आनुषांगिक प्रभारों को शामिल करना चाहिए किन्तु चुंगी, केन्द्रीय/राजस्थान बिक्री कर को शामिल न करके इन्हें अलग से दिखाया जाना चाहिए। स्थानीय प्रदायों के मामले में दरों में समस्त करों आदि को शामिल करना चाहिए तथा किसी गाड़ी भाडे (कॉटेज) या परिवहन प्रभारों का सरकार द्वारा भुगतान नहीं किया जाएगा तथा माल की सुपुर्दगी उपापन संस्था के कार्यालय के परिसर पर दी जाएगी। खरीदे जाने वाले माल कार्यालयों के उपयोग के लिए है, इसलिए इन पर चुंगी का भुगतान नहीं किया जाता है। अतः इन दरों में चुंगी एवं स्थानीय करों आदि को शामिल नहीं करना चाहिए। यदि खरीदे जाने वाले माल पुनः बिक्री करने के लिए या बिक्री हेतु किसी माल के विनिर्माण के रूप में उपयोग में लेने के लिए है, तो इन दरों में चुंगी एवं स्थानीय करों को शामिल किया जाएगा। पूर्व उपयोग की दशा में विहित प्रारूप में एक प्रमाण पत्र प्रदाय आदेश के साथ भेजा जाएगा।

8. राजस्थान के बाहर की फर्मों तथा राजस्थान के भीतर की उन फर्मों, जो नियमों के अन्तर्गत मूल्य अधिमान की हकदार नहीं है, द्वारा निविदत दरों की तुलना करने में जी.एस.टी. राशि को शामिल नहीं किया जाएगा।

9. बोली लगाने वाला बोली दस्तावेजों का एक मूल सैट तैयार करेगा जो बोली कहलायेगी और इस पर "मूल" अंकित किया जायेगा।

10. विनिर्दिष्ट समय एंव तारीख के बाद बोलियों को स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि डाक से प्राप्त होती है तो बिना खोले ही रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा बोली लगाने वाले को लौटा दी जायेगी।

11. वित्तीय बोलियों में अंकगणितीय त्रुटियों में नियमानुसार ही सुधार किया जा सकेगा।

12. बोली प्रक्रिया में मूल्यांकन हेतु केवल उन बोलियों को सम्मिलित किया जायेगा, जो कि अपेक्षित बोली प्रतिभूति, प्रक्रिया फीस या उपभोक्ता प्रभारों और बोली दस्तावेजो की कीमत के साथ विनिर्दिष्ट समय के भीतर प्राप्त की जाती है।

13. सशर्त बोलियॉ अस्वीकार किये जाने योग्य होगी।

14. बोली की विधिमान्यता की कालावधि के अवसान के पूर्ण उपापन संस्था सफल बोली दाता को उसकी बोली स्वीकार कर लेने की सूचना प्रदान करेगी।

15. जिनकी बोलियॉ स्वीकार नही की गई है, उनकी बोली प्रतिभूति का प्रतिदाय, सफल बोली लगाने वाले के साथ हस्ताक्षरित होने और कार्य संपादन प्रतिभूति प्राप्त होने के पश्चात शीघ्र कर दी जायेगी।

16. उपापन प्रक्रिया मे यदि आवश्यक हो तो नियमानुसार अपील की जा सकेगी।

17. बोलीदाताओं द्वारा जमा किये गये दस्तावेजों की सत्यता का उत्तरदायित्व स्वयं बोलीदाता पर होगा।

18. उपापन की समस्त कार्यवाही राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम, 2012, नियम 2013 एंव संशोधनों के अनुरुप की जायेगी।

# 5. राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम की धारा 7 की अनुपालना मे बोलीदाता द्वारा घोषणा

## (Declaration by Bidder in Compliance of section 7 of Act)

–: बोलीदाता द्वारा घोषणा :–

आपके द्वारा **Air Conditioner के वार्षिक रखरखाव, मरम्मत एवं दर संविदा** हेतु जारी की गई बोली आमन्त्रण सूचना क्रमांक : **BOR / Service / Goods / Rate Contract / Rs. 1.75 Lakh / 2020 / 05 Dt. : /02/2020** के परिप्रेक्ष्य मे हमारी जमा की गई बोली के कम में, मै/हम राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 की धारा 7 के प्रावधानों के अनुरूप घोषणा करते है, कि :–

(i) मै/हम, उपापन संस्था द्वारा जारी किये गये बोली दस्तावेजो के अनुसार आवश्यक वृतिक, तकनीकी, वित्तीय एवं प्रबन्धकीय स्त्रोत रखता हूँ तथा साथ ही आवश्यक अपेक्षित सक्षमता धारित करता हूँ/करते है।

(ii) मै/हम, ऐसे करो को जो कि बोली दस्तावेजो के अनुसार केन्द्र सरकार या राज्य सरकार या यथास्थिति किसी स्थानीय प्राधिकारी को संदेय है, यथास्थिति, किसी स्थानीय प्राधिकारी को संदेय है, को संदत्र करने की बाध्यता को स्वीकार करता हूँ/करते है।

(iii) मै/हम, यह घोषणा करते है कि मै/हम दिवालिया रिसिवर के अधीन, शोधन अक्षम नही हूँ/है, या परिसमापन नही कर रहा हूँ/होगा, न किसी न्यायालय या किसी न्यायिक अधिकारी द्वारा प्रशासित कार्याकलाप रखूगॉ/रखेगे, न अपने कारोबार के कियाकलाप निलबिंत रखूगॉ/रखेगे , ओर न पूर्वगामी कारणो मे से किसी के लिए भी विधिक कार्यशक्तियो के अध्यधीन होऊँगा/होगे।

(iv) मैं/हम, घोषणा करते है, कि अपने आचरण या उपापन प्रकिया के प्रारम्भ के पूर्ववर्ती तीन वर्ष की किसी कालावधि के भीतर कोई उपापन संविदा किये जाने के लिए अपनी अर्हताओं के बारे में मिथ्या कथन करने या दूर्व्यपदेशन संबंधी किसी दांडिक अपराध के संबंध में न तो स्वयं और न उनके निदेशक और अधिकारी दोष सिद्व हुए है, या विबर्जन कार्यवाहियों के अनुसरण में अन्यथा निरर्हित हुए है,

(v) मैं/हम, घोषणा करते है, कि बोली दस्तावेज के अनुसार, हमारे कोई हित के विरोध की स्थिति नही है, जो कि उचित प्रतियोगिता को तात्विक रूप से प्रभावित करें,

(vi) मैं/हम, घोषणा करते है, कि हमारी फर्म को राजस्थान में किसी भी संस्था द्वारा ब्लैकलिस्टेड/डिबार नही किया गया है।

(vii) मैं/हम, घोषणा करते है, कि हमारी फर्म विगत....................वर्षो से पूर्वकथित **Air Conditioner के वार्षिक रखरखाव, मरम्मत एवं दर संविदा** का कार्य कर रही है।

(viii) मैं/हम, घोषणा करते है, कि हमने निविदा दस्तावेज के नियमों अथवा शर्तो की स्वीकृति के रूप में निविदा दस्तावेज के प्रत्ये पृष्ठ पर फर्म की मोहर के साथ अपने हस्ताक्षर कर दिये है।

(ix) मैं/हम, घोषणा करते है, कि हमने रसीद/चालान सं................................राशि रू. 200 का भुगतान कर क्रय किया है।

(x) मैं/हम, घोषणा करते है, कि बोली प्रतिभूति राशि नकद/बैंकर्स चैक/डिमाण्ड ड्राफ्ट/ईग्रास संख्या........ ................................................................................ के माध्यम से जमा करवा रहे है।

दिनांक :–
स्थान :–

हस्ताक्षरः–............................................................................
नामः–.....................................................................................
पदनामः–.................................................................................
पता मय दूरभाषः–...................................................................
.................................................................................................
.................................................................................................

# 6. उपापन/अनुबंध/करार की सामान्य शर्तें

# (General Conditions of Contract)

1. उपापन संस्था के समस्त अधिकारी, कर्मचारी तथा उपापन प्रक्रिया में भाग लेने वाला बोलीदाता या कोई भी व्यक्ति नियमों मे उल्लिखित **"सत्यनिष्ठा संहिता"** की पालना करेगा। सत्यनिष्ठा संहिता के किसी भी उपबंध के भंग होने की दशा में उपापन संस्था नियमानुसार समुचित कार्यवाही कर सकेगी।
2. उपापन संस्था या उसके कार्मिक और बोली लगाने वालों के मध्य नियमानुसार "हित विरोध" की स्थिति उत्पन्न नही होनी चाहिए।
3. कोई भी नैसर्गिक व्यक्ति, प्राईवेट संस्था, सरकारी स्वामित्व वाली संस्था या जहाँ बोली दस्तावेजों में अनुज्ञात हो, किसी करार के किये जाने के औपचारिक आशय से उनका कोई समुच्चय या विद्यमान करार के अधीन सहउद्यम के रूप में बोली लगाने वाले के रूप मे पात्र हो सकते है। माल के उपापन की दशा में बोली लगाने वाला माल का विनिर्माता, वितरक या सद्‌भावी व्यवहारी होना चाहिए और वह विर्निदिष्ट रूप विधान में उसके आवश्यक सबूत देगा। साथ ही किसी बोली लगाने वाले की पात्रता नियमों में वर्णित उपबंधों के अनुसार होगी।
4. खुली प्रतियोगी बोली, दर उपापन आदि उपापन की पद्धतियों से उपापन हेतु बोली प्रतिभुति, नियमानुसार प्रारूपों में, सामान्यतया उपापन की विषय वस्तु के प्राक्कलित मूल्य का 2% होगी, जो कि आवश्यक रूप से मुहरबन्द बोली के साथ होगी।
5. लघु उद्योगों, रूग्ण उद्योगों या अन्य प्रकार के उपक्रमों के मामलों में बोली प्रतिभूति का संपादन नियमानुसार किया जायेगा। नियमों में उल्लेखित मामलों में बोली प्रतिभूति समपृहत की जा सकेगी। असफल बोली लगाने वालो की बोली प्रतिभूति का नियमानुसार प्रतिदाय कर दिया जायेगा।
6. उपापन संस्था द्वारा, बोली दस्तावेजों में, यदि कोई परिवर्तन या स्पष्टीकरण जारी किया जाता है, जो कि बोली दस्तावेजों में अन्तर्विष्ट निबंधनों को सारवान रूप से प्रभावित करता है, तो उपापन संस्था बोली लगाने वालों को पर्याप्त समय प्रदान कर सकेगी और तत्पश्चात् यथा उपांतरित बोली पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जा सकेगा।
7. बोली लगाने वालों के द्वारा प्रस्तुत बोली की कालावधि सामान्यतः 60 दिनों की होगी। विशेष परिस्थितियों में उपापन संस्था कालावधि में विस्तार कर सकेगी। तत्पश्चात् जिन्होंने विस्तार से सहमति जताई हो, उन्ही बोलियों को मूल्यांकन हेतु स्वीकृत माना जायेगा।
8. बोली दस्तावेजों में विर्निदिष्ट समय, तारीख एवं स्थान पर, बोली लगाने वालों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों, जो उपस्थित रहना चाहे, की उपस्थिति में बोलियाँ खोली जायेगी।
9. बोलियों की परीक्षा, मूल्यांकन, तुलना, एवं अर्हता के दौरान बोली मूल्यांकन समिति स्वविवेक से किसी बोली लगाने वाले को उसकी बोली के संबंध मे स्पष्टीकरण देने के लिए कह सकेगी और ऐसे स्पष्टीकरण के लिए समिति का अनुरोध और बोली लगाने वाले का प्रत्युत्तर लिखित में होगा। किन्तु किन्ही गणितीय त्रृटियों की शुद्धि को पुष्ट करने के सिवाय बोली की कीमतों या सार मे कोई भी परिवर्तन अनुज्ञात नही किया जायेगा।
10. बोली दस्तावेजों में बोली लगाने वालों के द्वारा आवश्यक दस्तावेज यथा संपरीक्षित लेखा विवरण, जीएसटी प्रमाण–पत्र, PAN इत्यादि भी सम्मिलित किये जायेंगे।
11. एकल स्त्रोत उपापन या प्रतियोगी बातचीत द्वारा उपापन की पद्धतियों के सिवाय, जहाँ तक संभव हो, बोली पूर्व प्रक्रम के पश्चात कोई बातचीत नही की जायेगी। माँगे जाने वाले समस्त स्पष्टीकरण बोली पूर्व अवस्था मे ही माँगे जायेंगे। अन्यथा बातचीत सिर्फ विशेष परिस्थितियों में ही नियमानुसार की जा सकेगी। तत्पश्चात कार्यवाही नियमानुसार की जावेगी।
12. उपापन संस्था वस्तु विशेष के उपापन से संबंधित प्रक्रिया में नियमानुसार गोपनीयता के संरक्षण के लिए शर्ते अधिरोपित कर सकेगी।
13. उपापन संस्था बोली लगाने वालों के प्रति किसी उत्तरदायित्व को उपगत किये बिना, किसी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने, और बोली प्रक्रिया को रद्द करने और उपापन के अधिनिर्णय से पूर्व किसी भी समय, समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।
14. उपापन संस्था नियमानुसार किसी बोली को उपवर्जित कर सकेगी। सशर्त बोलियाँ अस्वीकार किये जाने योग्य होगी।

15. राजस्थान के बाहर की फर्मों की तुलना उन फर्मो की बोलियों का सारणीकरण करते समय जो कीमत अधिमान की हकदार नही हैं, मूल्यांकन के प्रयोजन के लिए राजस्थान की फर्मों द्वारा कोट (Quote) की गयी दरों से राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर का अपवर्जित कर दिया जायेगा और राजस्थान से बाहर की फर्मों की दरों में केन्द्रीय विक्रय कर का तत्व सम्मिलित किया जायेगा।
16. उपापन संस्था बोली की प्रत्युत्तरदायित्वता का अवधारण करेगी। एवं बोली को प्रत्युत्तरदायी तब ही मानेगी जब कि वह बोली दस्तावेजों मे उपवर्णित समस्त उपेक्षाओं के अनुरूप है।
17. बोलियों के मूल्यांकन और उपापन के अधिनिर्णय में नियमानुसार कीमत और/या क्रय अधिमान पर विचार किया जायेगा।
18. मूल्यांकन कसौटी के आधार पर सर्वाधिक लाभप्रद बोली को सफल घोषित किया जायेगा। सफल बोली की कीमत उचित और अपेक्षित गुणवत्ता के सुसंगत होने के बाद ही उपापन संस्था द्वारा उपापन का अधिनिर्णय किया जा सकेगा।
19. उपापन के अधिनिर्णय के समय पर नियमानुसार सर्वाधिक लाभप्रद बोली कीमत पर उपापन की विषय वस्तु का परिणाम एक से अधिक बोली दाताओं के मध्य विभाजित किया जा सकेगा, यदि नियमानुसार ऐसा किया जाना आवश्यक हो।
20. बोली के मूल्यांकन के समय सर्वप्रथम Pre-Qualification Requirement का मूल्यांकन किया जायेगा और तत्पश्चात तकनीकी। तकनीकी मूल्यांकन में जो बोली तकनीकी रूप से स्वीकृत होगी, उन्ही की वित्तीय बोलियाँ खोली जायेगी और इस संबंध में संबंधितों को सूचित कर दिया जायेगा।
21. आवश्यक PQ एवं तकनीकी अपेक्षाओं को पूर्ण करती हुई न्यूनतम दर वाली बोली को सफल बोली माना जाने हेतु विभाग बाध्य नही होगा।
22. बोलियों का मूल्यांकन अंकित तकनीकि मापदण्डों, गुणवत्ता एवं अंकित की गई राशि को सम्मिलित करते हुए किया जायेगा ।
23. यदि कोई उपापन प्रक्रिया रद्द कर दी गयी है तो उसे पुनः खोला नही जायेगा किन्तु उपापन संस्था द्वारा यदि अपेक्षित है तो, उसी विषय वस्तु के लिए, नयी उपापन प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सकेगी।
24. कार्य संपादन प्रतिभूति आवश्यक होगी तथा साथ ही नियमानुसार कार्य सम्पादन प्रतिभूति की घोषणा ली जायेगी, जहाँ इसके लिए नियमों में प्रावधान किया गया हो। कार्य संपादन प्रतिभूति नियमों के विहित प्रारूपों में दी जा सकेगी। कार्य संपादन प्रतिभूति की रकम सामान्यतया माल और सेवाओं के उपापन के मामलों में प्रदाय आदेश की रकम की 5% होगी। विशेष परिस्थितियों में कार्य संपादन प्रतिभूति का समपहरण नियमानुसार किया जा सकेगा।
25. बोली लगाने वाले को स्वयं के खर्चे पर नियमानुसार गैर न्यायिक शपथ–पत्र पर स्वीकृति पत्र या आशय पत्र प्रेषित किये जाने की दिनांक से 07 दिवस के भीतर उपापन उपापन/करार पर हस्ताक्षर करने होंगे। यदि वो ऐसा करने मे विफल रहता है, तो उपापन संस्था उसके विरूद्ध राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम या नियमों के उपबंधों के अनुसार कार्यवाही करेगी।
26. **विनिर्देशः–**

(i) प्रदाय की गई सभी वस्तुएं निविदा में निर्धारित स्पेसिफिकेशन, ट्रेडमार्क के पूर्णतया अनुरूप होगी तथा जहाँ पर वस्तुओं की आई.एस.आई. स्पेसिफिकेशन के अनुसार अपेक्षा की गई हो, उन मदों को पूर्णरूप से उन स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होना चाहिए तथा उस पर नियमानुसार मार्क अंकित होना चाहिए।

(ii) तारांकित/क्रम संख्या.................................पर अंकित वस्तुओं का प्रदाय, अन्य बातों के साथ, अनुमोदित नमूनों के ठीक अनुरूप होगा तथा अन्य माल के मामलों में जहाँ कोई मानकीकृत या अनुमोदित नमूने ना हो, अति अत्युत्तम गुणवत्ता एवं विवरण के माल का प्रदाय किया जायेगा। उपापन संस्था को इस संबंध में, कि जो प्रदाय की गई है क्या वह स्पेसिफिकेशन के अनुरूप हैं, तथा क्या वह सैम्पल (यदि कोई हो) के अनुसार है, किया गया निर्णय बोलीदाताओं के लिए अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

(iii) <u>वारंटी एवं गारंटी का खण्ड</u> : बोलीदाता यह गारन्टी देगा कि माल या स्टोर वस्तुएं खरीदे जाने वाले उक्त माल /स्टोर्स /वस्तुओं की सुपूर्दगी की दिनांक से.........................दिन/माह की अवधि तक यथा विनिर्दिष्ट विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप बनी रहेगी तथा इस तथ्य के बावजूद कि उपापन संस्था ने उक्त माल/स्टोर्स वस्तुओं का निरीक्षण कर लिया है, एवं/या उन्हें अनुमोदित कर दिया है, यदि .................................. दिन/माह की उक्त अवधि में उक्त माल/स्टोर्स/वस्तुओं को उपरोक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नही पाया गया या वे 'समाप्त' हो गये हैं (उस संबंध मे

उपापन संस्था का निर्णय अंतिम व निर्णायक होगा) तो उपापन संस्था उक्त माल/स्टोर्स/वस्तुओं को या उनके उस भाग को जो, उक्त विवरण एवं गुणवत्ता के अनुरूप नही पाये जायेंगे, रद्द करने के लिए अधिकृत होगा। ऐसे रद्द किये जाने पर माल/स्टोर्स/वस्तुऐं बोलीदाता की जोखिम पर होगी तथा माल आदि को रद्द करने से संबंधित समस्त उपबंध लागू होंगे। बोलीदाता यदि उसे ऐसा करने के लिए कहा गया हो तो, वह उस माल आदि को या उसके भाग को, जिसे उपापन संस्था द्वारा रद्द किया गया है, बदल देगा अन्यथा बोलीदाता ऐसी क्षति के लिए भुगतान करेगा जो इसमें दी गई शर्तों के उल्लघंन के कारण उत्पन्न होगी। इसमें दी गई कोई भी बात से उपापन के अधीन या अन्यथा उस सम्बंध में उपापन संस्था के किसी अन्य अधिकार पर प्रतिकूल प्रभाव नही डालेगी।

27. उपापन संस्था द्वारा विनिर्दिष्ट मशीन एवं उपकरण के मामले में, बोलीदाता ऐसी शर्तों पर जो उनके बीच स्वीकार की जायेगी, वार्षिक रख रखाव (maintenance) एवं मरम्मत करने के लिये आवश्यक स्पेयर पार्टस एवं उपकरणों की नियमित समुचित सप्लाई करने के लिये भी उत्तरदायी होगा।

28. उपापन संस्था या उसका विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधी सभी युक्तियुक्त समय पर प्रदायकर्ता के परिसर में जायेगा तथा उसे विनिर्माण की प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद जैसा भी निश्चय किया जाए, सभी युक्तियुक्त समय पर माल/उपकरण/मशीन की सामग्री एवं कर्मकौशल का निरीक्षण एवं जाँच करने की शक्ति होगी। तथा बोलीदाता अपने कार्यालय, गोदाम एवं वर्कशॉप के परिसर का, जहाँ पर निरीक्षण किया जा सकता है, का पूर्ण पता, उस व्यक्ति के नाम व पते के साथ देगा जिसमें उस प्रयोजन के लिए सम्पर्क करना होगा। उस डीलर के मामले में, जो व्यवसाय में नए प्रविष्ठ हुए हैं, अपने बैंकर्स से एक परिचय पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

29. अनुसूची में अंकित वस्तुओं की बोलियों के साथ उचित रूप से पैक की गई उपापन वस्तुओं के दो नमूने प्रस्तुत किये जाएंगे। ऐसे नमूने, यदि व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किये जाये तो उपापन संस्था मे प्राप्त किये जायेंगे। नमूने प्राप्त करने वाली उपापन संस्था द्वारा प्रत्येक नमूने के लिए रसीद दी जायेगी।

